Series SOS

Code No. **58/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **32** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

ECONOMICS
अर्थशास्त्र

Time allowed : 3 hours — *Maximum Marks : 100*

निर्धारित समय : 3 घण्टे — *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

(i) *All questions in both the sections are compulsory.*

(ii) *Marks for questions are indicated against each.*

(iii) *Questions No.* ***1 – 5*** *and* ***17 – 21*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in* ***one sentence*** *each.*

(iv) *Questions No.* ***6 – 10*** *and* ***22 – 26*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***60*** *words each.*

(v) *Questions No.* ***11 – 13*** *and* ***27 – 29*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***70*** *words each.*

(vi) *Questions No.* ***14 – 16*** *and* ***30 – 32*** *are long-answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***100*** *words each.*

(vii) *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

सामान्य निर्देश :

(i) *दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

(iii) *प्रश्न संख्या* ***1 – 5*** *तथा* ***17 – 21*** *अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का* ***1*** *अंक है । इनका उत्तर केवल* ***एक वाक्य*** *में ही अपेक्षित है ।*

(iv) *प्रश्न संख्या* ***6 – 10*** *और* ***22 – 26*** *लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के* ***3*** *अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***60*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या* ***11 – 13*** *और* ***27 – 29*** *भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के* ***4*** *अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***70*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या* ***14 – 16*** *और* ***30 – 32*** *व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के* ***6*** *अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(vii) *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।*

SECTION A
खण्ड अ

1. What is a planned economy ? *1*

   योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था से क्या अभिप्राय है ?

2. When is a firm called price maker ? *1*

   किसी फर्म को कीमत निर्धारक कब कहा जाता है ?

3. Define a budget line. *1*

   बजट रेखा की परिभाषा दीजिए ।

4. What is 'decrease' in supply ? *1*

   पूर्ति में 'कमी' से क्या अभिप्राय है ?

5. Define production function. *1*

   उत्पादन फलन की परिभाषा दीजिए ।

6. How is production possibility curve affected by unemployment in the economy ? Explain. *3*

   अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी का उत्पादन संभावना वक्र पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइए ।

7. When price of a good is ₹ 13 per unit, the consumer buys 11 units of that good. When price rises to ₹ 15 per unit, the consumer continues to buy 11 units. Calculate price elasticity of demand. *3*

   जब किसी वस्तु की कीमत ₹ 13 प्रति इकाई होती है, तो उपभोक्ता उस वस्तु की 11 इकाइयाँ खरीदता है । जब कीमत बढ़कर ₹ 15 प्रति इकाई हो जाती है, तो भी उपभोक्ता 11 इकाइयाँ ही खरीदता है । माँग की कीमत लोच का परिकलन कीजिए ।

8. Distinguish between explicit cost and implicit cost and give examples. 3

स्पष्ट लागत और अव्यक्त (अनुमानित) लागत के बीच अंतर बताइए और उदाहरण दीजिए ।

9. Draw in a single diagram the average revenue and marginal revenue curves of a firm which can sell any quantity of the good at a given price. Explain. 3

एक फर्म दी गई कीमत पर वस्तु की कितनी भी इकाइयाँ बेच सकती है । इसके औसत संप्राप्ति और सीमांत संप्राप्ति वक्र एक ही रेखाचित्र पर खींचिए । व्याख्या कीजिए ।

Note : *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 9.*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर है ।*

Explain the relation between average revenue and marginal revenue of a firm which is free to sell any quantity at a given price. 3

एक फर्म दी गई कीमत पर वस्तु की कितनी भी इकाइयाँ बेचने के लिए स्वतंत्र है । इसकी औसत संप्राप्ति और सीमांत संप्राप्ति के बीच सम्बन्ध समझाइए ।

10. Explain the implications of the feature 'large number of buyers' in a perfectly competitive market. 3

OR

Explain the implications of the feature 'homogeneous products' in a perfectly competitive market. 3

पूर्ण प्रतियोगिता बाज़ार की 'क्रेताओं की बड़ी संख्या' विशेषता का क्या परिणाम निकलता है ? समझाइए ।

अथवा

पूर्ण प्रतियोगिता बाज़ार की 'समान उत्पाद' विशेषता के क्या परिणाम निकलते हैं ? समझाइए ।

11. A consumer consumes only two goods X and Y. At a consumption level of these two goods, he finds that the ratio of marginal utility to price in case of X is higher than in case of Y. Explain the reaction of the consumer. *4*

एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है । इनके उपभोग के एक स्तर पर उसे पता चलता है कि वस्तु X की सीमांत उपयोगिता और कीमत का अनुपात वस्तु Y की अपेक्षा अधिक है । उपभोक्ता की क्या प्रतिक्रिया होगी ? समझाइए ।

12. Explain how rise in income of a consumer affects the demand of a good. Give examples. *4*

समझाइए कि उपभोक्ता की आय में वृद्धि से किसी वस्तु की माँग पर क्या प्रभाव पड़ता है । उदाहरण दीजिए ।

13. Define marginal cost. Explain its relation with average cost. *4*

OR

Define variable cost. Explain the behaviour of total variable cost as output increases. *4*

सीमांत लागत की परिभाषा दीजिए । इसका औसत लागत से सम्बन्ध समझाइए ।

अथवा

परिवर्ती लागत की परिभाषा दीजिए । उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कुल परिवर्ती लागत का व्यवहार समझाइए ।

14. What is producer's equilibrium ? Explain the conditions of producer's equilibrium through the 'marginal cost and marginal revenue' approach. Use diagram. *6*

उत्पादक के संतुलन से क्या अभिप्राय है ? 'सीमांत लागत और सीमांत संप्राप्ति' दृष्टिकोण से उत्पादक के संतुलन की शर्तें समझाइए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए ।

Note : *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 14.*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर है ।*

What is producer's equilibrium ? Explain the conditions of producer's equilibrium through the 'marginal cost and marginal revenue' approach. Use a schedule. *6*

उत्पादक के संतुलन से क्या अभिप्राय है ? 'सीमांत लागत और सीमांत संप्राप्ति' दृष्टिकोण से उत्पादक के संतुलन की शर्तें समझाइए । अनुसूची का प्रयोग कीजिए ।

15. Explain the conditions of consumer's equilibrium with the help of the Indifference Curve Analysis. *6*

अनधिमान वक्र विश्लेषण की सहायता से उपभोक्ता संतुलन की शर्तें समझाइए ।

16. Market for a good is in equilibrium. There is 'increase' in supply of the good. Explain the chain of effects of this change. Use diagram. *6*

एक वस्तु का बाज़ार संतुलन में है । उस वस्तु की पूर्ति में 'वृद्धि' हो जाती है । इस परिवर्तन के कारण पड़ने वाले प्रभावों की शृंखला की व्याख्या कीजिए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए ।

Note : *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 16.*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 16 के स्थान पर है ।*

Market for a good is in equilibrium. There is 'increase' in supply of that good. Explain the chain of effects of this change. Use a numerical example. *6*

OR

Distinguish between 'non-collusive' and 'collusive' oligopoly. Explain the following features of oligopoly : *6*

(i) Few firms

(ii) Non-price competition

एक वस्तु का बाज़ार संतुलन में है । उस वस्तु की पूर्ति में 'वृद्धि' हो जाती है । इस परिवर्तन के कारण पड़ने वाले प्रभावों की शृंखला की व्याख्या कीजिए । एक संख्यात्मक उदाहरण दीजिए ।

अथवा

'ग़ैर-सहयोगी' और 'सहयोगी' अल्पाधिकार के बीच अंतर बताइए । अल्पाधिकार की निम्नलिखित विशेषताएँ समझाइए :

(i) कुछ फर्में

(ii) ग़ैर-कीमत प्रतियोगिता

SECTION B

खण्ड ब

17. What are stock variables ? *1*

स्टॉक परिवर्तों से क्या अभिप्राय है ?

18. Define 'depreciation'. *1*

'मूल्यह्रास' की परिभाषा दीजिए ।

19. Define 'Statutory Liquidity Ratio'. *1*

'सांविधिक तरलता अनुपात' की परिभाषा दीजिए ।

20. Define money. *1*

मुद्रा की परिभाषा दीजिए ।

21. What is foreign exchange ? *1*

विदेशी मुद्रा से क्या अभिप्राय है ?

22. Which transactions determine the balance of trade ? When is balance of trade in surplus ? *3*

कौनसे लेनदेन व्यापार शेष का निर्धारण करते हैं ? व्यापार शेष धनात्मक कब होता है ?

23. Explain how 'non-monetary exchanges' are a limitation in taking gross domestic product as an index of welfare. *3*

समझाइए कि किस प्रकार 'ग़ैर-मौद्रिक लेनदेन' के कारण सकल देशीय उत्पाद को कल्याण का सूचक नहीं माना जा सकता ।

24. In an economy the marginal propensity to consume is 0·75. Investment expenditure in the economy increases by ₹ 75 crore. Calculate the total increase in national income. *3*

एक अर्थव्यवस्था में सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 0·75 है। अर्थव्यवस्था में निवेश व्यय में ₹ 75 करोड़ की वृद्धि होती है । राष्ट्रीय आय में कुल वृद्धि ज्ञात कीजिए ।

25. Explain the distinction between voluntary and involuntary unemployment. *3*

ऐच्छिक और अनैच्छिक बेरोजगारी के बीच अंतर समझाइए ।

26. When price of a foreign currency falls, the demand for that foreign currency rises. Explain, why. *3*

OR

When price of a foreign currency falls, the supply of that foreign currency also falls. Explain, why. *3*

जब एक विदेशी मुद्रा की कीमत गिर जाती है, तो उस विदेशी मुद्रा की माँग बढ़ जाती है । समझाइए, क्यों ।

अथवा

जब एक विदेशी मुद्रा की कीमत गिर जाती है, तो उस विदेशी मुद्रा की पूर्ति भी गिर जाती है । समझाइए, क्यों ।

27. Explain the 'redistribution of income' objective of a government budget. *4*

OR

Explain the 'economic stability' objective of a government budget. *4*

सरकारी बजट का 'आय का पुनर्वितरण' उद्देश्य समझाइए ।

अथवा

सरकारी बजट का 'आर्थिक स्थिरता' उद्देश्य समझाइए ।

28. From the following data about a government budget find (a) revenue deficit, (b) fiscal deficit and (c) primary deficit : *4*

		(₹ arab)
(i)	Tax revenue	47
(ii)	Capital receipts	34
(iii)	Non-tax revenue	10
(iv)	Borrowings	32
(v)	Revenue expenditure	80
(vi)	Interest payments	20

सरकारी बजट के बारे में निम्नलिखित आँकड़ों से (क) राजस्व घाटा, (ख) राजकोषीय घाटा और (ग) प्राथमिक घाटा ज्ञात कीजिए :

		(₹ अरब)
(i)	कर राजस्व	47
(ii)	पूँजीगत प्राप्तियाँ	34
(iii)	ग़ैर-कर राजस्व	10
(iv)	उधार	32
(v)	राजस्व व्यय	80
(vi)	ब्याज भुगतान	20

29. Giving reasons, explain the treatment assigned to the following while estimating national income : *4*

(i) Family members working free on the farm owned by the family.

(ii) Payment of interest on borrowings by general government.

कारण बताते हुए समझाइए कि राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार किया जाता है :

(i) परिवार के सदस्य परिवार के खेत में मुफ़्त काम में लगे ।

(ii) सामान्य सरकार द्वारा लिए गए उधार पर ब्याज का भुगतान ।

30. Explain the role of the following in correcting the inflationary gap in an economy : 6

(i) Legal reserves

(ii) Bank rate

OR

Explain the role of the following in correcting the deflationary gap in an economy : 6

(i) Open market operations

(ii) Margin requirements

एक अर्थव्यवस्था में स्फीतिकारी अंतर दूर करने में निम्नलिखित की भूमिका समझाइए :

(i) वैध आरक्षित निधि

(ii) बैंक दर

अथवा

एक अर्थव्यवस्था में अपस्फीतिकारी अंतर दूर करने में निम्नलिखित की भूमिका समझाइए :

(i) खुली बाज़ार कार्रवाई

(ii) मार्जिन अपेक्षाएँ

31. Explain the following functions of the central bank : 6

(i) Bank of issue

(ii) Bankers' bank

केन्द्रीय बैंक के निम्नलिखित कार्य समझाइए :

(i) जारीकर्ता बैंक

(ii) बैंकों का बैंक

32. Calculate (a) 'Net Domestic Product at Factor Cost' and (b) 'Private Income' from the following : *6*

		(₹ crore)
(i)	Domestic product accruing to government	300
(ii)	Wages and salaries	1000
(iii)	Net current transfers to abroad	(–) 20
(iv)	Rent	100
(v)	Interest paid by the production units	130
(vi)	National debt interest	30
(vii)	Corporation tax	50
(viii)	Current transfers by government	40
(ix)	Contribution to social security schemes by employers	200
(x)	Dividends	100
(xi)	Undistributed profits	20
(xii)	Net factor income to abroad	0

निम्नलिखित के आधार पर (क) 'कारक लागत पर निवल देशीय (घरेलू) उत्पाद' और (ख) 'निजी आय' ज्ञात कीजिए :

		(₹ करोड़)
(i)	सरकार को प्राप्त घरेलू उत्पाद	300
(ii)	मज़दूरी तथा वेतन	1000
(iii)	विदेशों को निवल चालू हस्तांतरण	(–) 20
(iv)	किराया	100
(v)	उत्पादन इकाइयों द्वारा ब्याज भुगतान	130
(vi)	राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज	30
(vii)	निगम कर	50
(viii)	सरकार द्वारा चालू हस्तांतरण	40
(ix)	नियोजकों द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अंशदान	200
(x)	लाभांश	100
(xi)	अवितरित लाभ	20
(xii)	विदेशों को निवल कारक (साधन) आय	0